सीएसआईआर-सीरी में हिंदी पखवाड़ा 2026 का आयोजन

सीएसआईआर-सीरी, पिलानी में 1-15 सितंबर, 2026 तक हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्थान में प्रश्नमंच (क्विज़) के अलावा 6 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिनमें सहकर्मियों, परियोजना कार्मिकों, प्रशिक्षार्थियों, संविदाकर्मियों आदि ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पखवाड़ा का शुभारंभ 1 सितंबर, 2026 को आयोजित प्रश्न मंच के साथ हुआ। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 14 सितंबर, 2026 को आयोजित समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा हिंदी में सर्वाधिक एवं विशिष्ट कार्य करने वाले प्रशासनिक, तकनीकी एवं वैज्ञानिक अनुभागों/प्रभागों को **राजभाषा चल वैजयंती** प्रदान की गईं। साथ ही, इस अवसर पर संस्थान में लागू प्रोत्साहन योजनाओं के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। समापन कार्यक्रम में संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अधिकारीगण तथा अन्य सहकर्मी उपस्थित थे।



दीप प्रज्वलन कर हिंदी पखवाड़ा 2026 का शुभारंभ करते हुए
डॉ सुचंदन पाल, वरिष्ठतम मुख्य वैज्ञानिक



उद्घाटन सत्र में संबोधित करते हुए
डॉ सुचंदन पाल, मुख्य वैज्ञानिक



उद्घाटन सत्र में उपस्थित सहकर्मीवृंद

उद्घाटन सत्र में संबोधित करते हुए डॉ सुचंदन पाल, मुख्य वैज्ञानिक ने हिंदी पखवाड़ा के शुभारंभ की बधाई दी तथा सभी सहकर्मियों से प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़ कर सम्मिलित होने का आह्वान किया।

हिंदी पखवाड़ा का शुभारंभ 1 सितंबर, 2026 को आयोजित लोकप्रिय कार्यक्रम **'प्रश्न मंच (क्विज़)'** से हुआ जिसमें प्रतिभागी सहकर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए श्री रमेश बौरा, वरिष्ठ हिंदी अधिकारी ने इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों एवं अन्य सहकर्मियों को हिंदी पखवाड़ा आयोजन की रूपरेखा से अवगत कराते हुए कहा कि इस अवधि में देशभर के सरकारी कार्यालयों एवं अन्य कार्यालयों में अपनी सुविधानुसार हिंदी सप्ताह/पखवाड़ा/माह का आयोजन किया जाता है।

क्विज मास्टर डॉ विजय चटर्जी, प्रधान वैज्ञानिक ने रोचक शैली में सामान्य ज्ञान, समसामयिक विषयों पर आधारित प्रश्न पूछे। सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को तत्काल अच्छी गुणवत्ता के पेन भेंट किए गए।



प्रश्न मंच का संचालन करते हुए डॉ विजय चटर्जी, वैज्ञानिक-ई

प्रतियोगिताओं का आयोजन

संस्थान में हिंदी पखवाड़ा के दौरान एवं जनवरी से अगस्त की अवधि के दौरान प्रश्नमंच सहित कुल 14 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं एवं उनके विजेताओं का विवरण रिपोर्ट के अंतिम भाग में दिया गया है।

समापन एवं पुरस्कार वितरण

हिंदी पखवाड़ा का समापन **हिंदी दिवस** के उपलक्ष्य में दिनांक 14 सितंबर, 2026 को आयोजित **पुरस्कार वितरण समारोह** के साथ हुआ। इस अवसर पर डॉ प्रशून गुप्ता, उपनिदेशक, राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो, गृह मंत्रालय, भारत सरकार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक प्रोफेसर शांतनु भट्टाचार्य ने की। प्रोफेसर भट्टाचार्य समारोह में ऑनलाइन सम्मिलित हुए। मुख्य अतिथि ने हिंदी पखवाड़ा के दौरान तथा वर्ष पर्यन्त आयोजित हिंदी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया। इसके अतिरिक्त संस्थान में लागू राजभाषा प्रोत्साहन योजनाओं के अंतर्गत भी सहकर्मियों को प्रशस्तिपत्र भेंट किए गए। हिंदी में सर्वाधिक एवं विशिष्ट कार्य करने के लिए प्रशासनिक वर्ग में **प्रशासन प्रभाग** तथा तकनीकी वर्ग में **विद्युत एवं यांत्रिक अभियांत्रिकी प्रभाग** तथा वैज्ञानिक वर्ग में संस्थान के **सामाजिक इलेक्ट्रॉनिकी समूह** को राजभाषा चल वैजयंती प्रदान की गईं।


पुरस्कार वितरण समारोह में ऑनलाइन संबोधन देते हुए
प्रोफेसर शांतनु भट्टाचार्य, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी


समापन समारोह में उपस्थित सहकर्मीवृंद

संस्थान के निदेशक प्रोफेसर शांतनु भट्टाचार्य ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में मुख्य अतिथि डॉ प्रशून गुप्ता का औपचारिक स्वागत किया तथा सभी सहकर्मियों को हिंदी दिवस की शुभकामनाएँ दीं। अपने संबोधन में उन्होंने सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई देते हुए सभी सहकर्मियों को कार्यालयी कार्यों में हिंदी के अधिकाधिक उपयोग के लिए प्रेरित किया। सभी सहकर्मियों का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यालयी गतिविधियों में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर वे भी अपनी प्रतिभा का परिचय दें। उन्होंने सहकर्मियों से अपील की कि अपने सरकारी और निजी कार्यों में हिंदी का अधिकाधिक उपयोग करें।



समापन समारोह में आमंत्रित व्याख्यान देते हुए डॉ प्रशून गुप्ता, मुख्य अतिथि

इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ प्रशून गुप्ता, उपनिदेशक, राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड्स ब्यूरो, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली आमंत्रित व्याख्यान में संस्थान में राजभाषा हिंदी के उपयोग एवं अन्य गतिविधियों की सराहना करते हुए संस्थान के निदेशक एवं सभी सहकर्मियों को हिंदी दिवस की बधाई दी। अपने आमंत्रित व्याख्यान में उन्होंने राजभाषा के संबंध में भारत सरकार के गंभीर प्रयासों को रेखांकित करते हुए राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड्स ब्यूरो की कार्यप्रणाली पर भी प्रकाश डाला।



माननीय गृहमंत्री श्री अमित शाह के हिंदी दिवस संदेश के मुख्य बिंदुओं को उद्धृत करते हुए डॉ सुचंदन पाल, मुख्य वैज्ञानिक

इससे पूर्व डॉ सुचंदन पाल, मुख्य वैज्ञानिक ने माननीय गृहमंत्री श्री अमित शाह के हिंदी दिवस संदेश के मुख्य बिंदुओं को उद्धृत करते हुए सहकर्मियों से अपील की कि हम सभी अपने सरकारी और निजी कार्यों में हिंदी का अधिकाधिक उपयोग करें।



उपस्थित सहकर्मियों को वर्ष पर्यन्त आयोजित हिंदी प्रतियोगिताओं की जानकारी देते हुए आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ अयन बंद्योपाध्याय

इससे पूर्व हिंदी पखवाड़ा आयोजन समिति के अध्यक्ष **डॉ अयन कुमार बंद्योपाध्याय,** मुख्य वैज्ञानिक ने हिंदी पखवाड़ा के दौरान एवं वर्षपर्यन्त आयोजित प्रतियोगिताओं की जानकारी दी। उन्होंने सभी प्रतियोगिताओं एवं प्रोत्साहन योजनाओं के विजेताओं को बधाई दी।



राजभाषा संदर्शिका 2025-26 का विमोचन करते हुए मुख्य अतिथि एवं मंचस्थ अधिकारीगण

राजभाषा संदर्शिका 2025-26 का विमोचन

मुख्य अतिथि एवं मंचस्थ अधिकारियों ने इस अवसर पर राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा तैयार की गई वार्षिक पत्रिका **'राजभाषा संदर्शिका'** के 12वें अंक का विधिवत विमोचन किया। यह पत्रिका प्रकोष्ठ के प्रमुख कार्यों का संकलन है।

राजभाषा चल वैजयंती पुरस्कार

संस्थान में राजभाषा हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिए लागू की गई राजभाषा चल वैजयंती योजना के विजेता अनुभागों/ प्रभागों को इस अवसर पर निम्नानुसार चल वैजयंती एवं प्रमाण पत्र भेंट किए गए :

प्रशासनिक वर्ग : इस वर्ग में हिन्दी में सर्वाधिक/विशिष्ट कार्य करने के लिए **प्रशासन प्रभाग** को प्रमाण पत्र सहित राजभाषा चल वैजयंती भेंट की गई।



प्रशासन प्रभाग को राजभाषा चल वैजयंती भेंट करते हुए



ईएमई प्रभाग को राजभाषा चल वैजयंती भेंट करते हुए
मुख्य अतिथि डॉ प्रशून गुप्ता

तकनीकी वर्ग : इस वर्ग में हिन्दी में सर्वाधिक/विशिष्ट कार्य करने के लिए **विद्युत एवं यांत्रिक अभियांत्रिकी (ईएमई) प्रभाग** को प्रमाण पत्र सहित राजभाषा चल वैजयंती भेंट की गई।

वैज्ञानिक वर्ग : इस वर्ग में हिन्दी में सर्वाधिक/विशिष्ट कार्य करने के लिए **सामाजिक इलेक्ट्रॉनिकी समूह** को प्रमाण पत्र सहित राजभाषा चल वैजयंती भेंट की गई।



मुख्य अतिथि डॉ प्रशून गुप्ता से राजभाषा चल वैजयंती प्राप्त करते हुए सामाजिक इलेक्ट्रॉनिकी समूह के सहकर्मी



कार्यक्रम का संचालन करते हुए श्री रमेश बौरा, वरिष्ठ हिंदी अधिकारी एवं संयोजक, हिंदी पखवाड़ा 2026

हिंदी पखवाड़ा के संयोजक एवं वरिष्ठ हिंदी अधिकारी **श्री रमेश बौरा** ने सभी अधिकारियों व सहकर्मियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए उन्होंने उपस्थित अधिकारियों एवं अन्य सहकर्मियों को हिंदी दिवस आयोजन की पृष्ठभूमि से अवगत कराया।



धन्यवाद ज्ञापित करते हुए श्री मधुरंजन पाण्डेय, प्रशासन नियंत्रक

अंत में प्रशासन नियंत्रक **श्री मधुरंजन पाण्डेय** ने मुख्य अतिथि डॉ प्रशून गुप्ता एवं संस्थान के निदेशक प्रोफेसर शांतनु भट्टाचार्य के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने पखवाड़ा आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ अयन बंद्योपाध्याय, मुख्य वैज्ञानिक सहित सभी सदस्यों, निर्णायकों व प्रतिभागियों को आयोजन को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया।

हिंदी पखवाड़ा 2026 एवं वर्ष पर्यन्त आयोजित प्रतियोगिताएँ एवं उनके विजेताओं का विवरण

हिन्दी सप्ताह की अवधि के दौरान तथा वर्षपर्यन्त सभी सहकर्मियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं अन्य गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं एवं उनके विजेताओं का विवरण निम्नवत है :

1. श्रुतलेख - हिन्दी भाषी (दिनांक 03.02.2026)

सुश्री आकांक्षा, प्रशिक्षार्थी	प्रथम
श्री रूपेश, सहायक अनुभाग अधिकारी	द्वितीय
श्री अर्जुन कुमार पंडित, कनिष्ठ सचिवालय सहायक	तृतीय
श्री विकास टेलर, कनिष्ठ आशुलिपिक	प्रोत्साहन

2. श्रुतलेख - हिंदीतर भाषी (दिनांक 06.03.2026)

सुश्री गोपिका हरि के, जेआरएफ	प्रथम
श्री हरीश जी, तकनीकी सहायक	द्वितीय
श्री बिबिन सैम्युअल, तकनीशियन-1	तृतीय
श्री जेगनाथन एम., तकनीशियन-2	प्रोत्साहन

3. निबंध लेखन (दिनांक 25.03.2026)

सुश्री आकृति बाजपेयी, तकनीकी सहायक	प्रथम
सुश्री माया, तकनीशियन-1	द्वितीय
श्री अर्जुन कुमार पंडित, कनिष्ठ सचिवालय सहायक	तृतीय
सुश्री संतोष मीणा, कनिष्ठ आशुलिपिक	प्रोत्साहन

4. कंप्यूटर पर हिंदी टंकण (प्रशासनिक सहकर्मी वर्ग) (दिनांक 22.04.2026)

श्री विष्णु गुर्जर, सहायक अनुभाग अधिकारी	प्रथम
श्री सौरभ शर्मा, सहायक अनुभाग अधिकारी	द्वितीय
सुश्री संतोष मीणा, कनिष्ठ आशुलिपिक	तृतीय
श्री लोकेश टाक, कनिष्ठ आशुलिपिक	प्रोत्साहन

5. कंप्यूटर पर हिंदी टंकण (तकनीकी सहकर्मी वर्ग) (दिनांक 25.05.2026)

श्री मांगीलाल, तकनीशियन – 1	प्रथम
सुश्री माया, तकनीशियन – 1	द्वितीय
श्री जगमोहन पाठक, तकनीशियन – 1	तृतीय
श्री मनोज कुमार, तकनीकी सहायक	प्रोत्साहन

6. हिंदी पाठ पठन - हिंदी भाषी (दिनांक 06.07.2026)

सुश्री चांदनी दीक्षित, वरिष्ठ आशुलिपिक	प्रथम
सुश्री आकृति बाजपेयी, तकनीकी सहायक	द्वितीय
श्री आरती, परियोजना सहायक	तृतीय
सुश्री माया, तकनीशियन – 1	प्रोत्साहन

7. हिंदी पाठ पठन - हिंदीतर भाषी (दिनांक 05.08.2026)

डॉ. सेक मसिउल इसलाम, वरिष्ठ वैज्ञानिक	प्रथम
श्री जेगनाथन एम., तकनीशियन-2	द्वितीय
श्री हरीश जी, तकनीकी सहायक	तृतीय
श्री नारायण सर्वेश, प्रशिक्षु	प्रोत्साहन
श्री बिड्डिका पृद्वी, तकनीशियन – 1	प्रोत्साहन

8. आशुभाषण (दिनांक 02.09.2026)

सुश्री माया, तकनीशियन – 1	प्रथम
डॉ. गौरव पुरोहित, वैज्ञानिक – ई	द्वितीय
श्री धनराज नायक, पीएचडी छात्र	तृतीय
डॉ. महेंद्र सिंह, विरष्ठ तकनीकी अधिकारी	प्रोत्साहन

9. वाद विवाद (दिनांक 03.09.2026)

डॉ. गौरव पुरोहित, वैज्ञानिक – ई	प्रथम
श्री गोपीचंद, परियोजना सहायक	द्वितीय
श्री रुपेश, सहायक अनुभाग अधिकारी	तृतीय
सुश्री माया, तकनीशियन – 1	प्रोत्साहन

10. प्रशासनिक प्रस्तुतीकरण (दिनांक 07.09.2026)

डॉ. गौरव पुरोहित, वरिष्ठ वैज्ञानिक	प्रथम
श्री गुरमेन्द्र सिंह, सहायक अनुभाग अधिकारी	द्वितीय

डॉ. आलोक मिश्रा, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी तृतीय
श्री धनराज नायक, पीएचडी छात्र प्रोत्साहन

11. तकनीकी प्रस्तुतीकरण (दिनांक 08.09.2026)

डॉ. गौरव पुरोहित, वरिष्ठ वैज्ञानिक प्रथम
श्री धनराज नायक, पीएचडी छात्र द्वितीय
श्री बिड्डिका पृद्वी, तकनीशियन – 1 तृतीय
श्री अनुज कुमार, तकनीशियन-1 प्रोत्साहन

12. कविता पाठ - स्वरचित (दिनांक 10.09.2026)

श्री गोपीचंद, परियोजना सहायक प्रथम
डॉ. गौरव पुरोहित, वरिष्ठ वैज्ञानिक द्वितीय
श्री घनश्याम सैनी, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी तृतीय
सुश्री अंशिका गर्ग, परियोजना सहायक प्रोत्साहन

13. कविता पाठ - अन्य कवि (दिनांक 10.09.2026)

डॉ. आलोक मिश्र, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी प्रथम
डॉ. अदिति, वैज्ञानिक – ई द्वितीय
श्री अरविन्द कुमार खण्डेलवाल, व. त. अ. तृतीय
सुश्री आकृति बाजपेयी, तकनीकी सहायक प्रोत्साहन

इस प्रकार संस्थान में हिंदी पखवाड़ा 2026 का आयोजन हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के कुछ अन्य चित्र










